*The House reassembled at two of the clock,*
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

**REGARDING MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Bhupender Yadav to move ...*(Interruptions)*... Shri Bhupender Yadav to move ...*(Interruptions)*... Shri Bhupender Yadav to move. ...*(Interruptions)*... आप जिस विषय पर बात करना चाहते हैं...**(व्यवधान)**... सुबह से आप जिस विषय पर बात करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं, यह वही विषय है। ...**(व्यवधान)**... राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान आप सीएए से लेकर, उससे जुड़े सारे मुद्दों पर बात कर सकते हैं, यह माननीय चेयरमैन साहब ने कहा है। ...**(व्यवधान)**... कृपया शांति रखें। ...**(व्यवधान)**... जिन मुद्दों पर आप बात करना चाहते थे, उन्ही पर हम बात कर रहे हैं। Shri Bhupender Yadav to move. ...*(Interruptions)*... सिर्फ भूपेन्द्र यादव जी की बात रिकॉर्ड पर जाएगी, कोई और बात रिकॉर्ड पर नही जाएगी। ...**(व्यवधान)**... मेरा आग्रह होगा कि आप लोग अपनी-अपनी सीट्स पर जाएं। ...**(व्यवधान)**... कृपया आप अपनी सीट्स पर जाएं और President's Motion पर भूपेन्द्र जी जो बोल रहे हैं, उनको सुनें। ...**(व्यवधान)**... जब आपका मौका आएगा, तब आप भी इस विषय पर अपनी बात रखें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव** (राजस्थान): माननीय उपसभापति महोदय, मैं अपने विषय और प्रस्ताव को रखूं, उससे पहले मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** मेरा आग्रह होगा कि आप लोग अपनी-अपनी सीट्स पर जाएं। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव:** मैं प्रस्ताव रखूं, उससे पहले सदन को ऑर्डर में लाया जाए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** इस प्रकार कैसे किसी को सुना जा सकता है? ...**(व्यवधान)**... कृपया, आप लोग अपनी जगह बैठें और भूपेन्द्र जी को सुनें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय उपसभापति जी, मैं कहना चाहूंगा कि पहले ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** आप सब जिस विषय के लिए नारे लगा रहे हैं और कह रहे हैं, उसी विषय पर बहस हो रही है। ...**(व्यवधान)**... राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान आपकी बात ही चर्चा में आएगी। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव:** माननीय उपसभापति जी, मैं कहना चाहूंगा कि पहले सदन ऑर्डर में आए ...**(व्यवधान)**... मैं विपक्ष के सदस्यों से भी यह कहना चाहूंगा कि सारी चर्चा ...**(व्यवधान)**... पहले सदन ऑर्डर में आ जाए। ...**(व्यवधान)**... प्रस्ताव रखने से पहले सदन ऑर्डर में आ जाए। ...**(व्यवधान)**... प्रस्ताव रखने से पहले सदन ऑर्डर में आ जाए। ...**(व्यवधान)**... मेरा आपसे आग्रह है कि एक बार सदन ऑर्डर में आ जाए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए, तीन बजे तक स्थगित की जाती है।

*The House then adjourned at three minutes past two of the clock.*

*The House reassembled at three of the clock,*
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the Motion of Thanks on the President's Address. ...*(Interruptions)*.. माननीय सदस्यगण, आप जिन मुद्दों पर बात करना चाहते हैं, उन सारे मुद्दों पर बात करने के लिए, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान आपके पास मौका है। ...**(व्यवधान)**... आप जिन बातों को लेकर सुबह से आवाज़ उठा रहे हैं, उन्ही पर बोलने का मौका है। ...**(व्यवधान)**... माननीय चेयरमैन साहब ने भी इसे सुबह स्पष्ट किया था। ...**(व्यवधान)**... आपसे आग्रह है कि कृपया वेल से वापस जायें और इस महत्वपूर्ण विषय पर, जिस पर आप agitated feel करते हैं, उस पर चर्चा होने दें। ...**(व्यवधान)**... मेरा आग्रह है कि ...**(व्यवधान)**... कोई और बात रिकॉर्ड पर नही जायेगी। ...**(व्यवधान)**... मेरा आग्रह है कि आप कृपया अपनी सीट्स पर जायें। ...**(व्यवधान)**... आप कृपया अपनी सीट्स पर जायें। ...**(व्यवधान)**... The Leader of the House कुछ कहना चाहते हैं। ...**(व्यवधान)**... The Leader of the House कुछ कहना चाहते हैं। एक बार हम उनको सुन लें। ...**(व्यवधान)**... सिर्फ The Leader of the House की बात रिकॉर्ड पर जायेगी। ...**(व्यवधान)**...

**नेता सदन (श्री थावरचन्द गहलोत)**: माननीय उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा प्रारम्भ हो गयी है। ...**(व्यवधान)**... भूपेन्द्र यादव जी ने अपने विचार व्यक्त करना प्रारम्भ किया है। ...**(व्यवधान)**... इस बीच में यह व्यवधान आ रहा है। ...**(व्यवधान)**... मैं विरोधी पक्ष के समस्त माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूँ कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के ऊपर धन्यवाद प्रस्ताव हमारा हक है और यह उच्च सदन है, इसकी गरिमा है। ...**(व्यवधान)**... राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा चलने दें। ...**(व्यवधान)**... राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में गरीबों के हित की बात कही गयी है, देश के हित में बात की गयी है तथा शोषित, पीड़ित और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के हितों की बात कही गयी है। ...**(व्यवधान)**... सभी विषयों पर इनकी यह जो मंशा चर्चा करने की है, तो उसमें चर्चा की जा सकती है। ...**(व्यवधान)**... ये NPR, CAA और NRC पर जो चर्चा करना चाहते हैं, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर ये सारे विषय लिये जा सकते हैं। ...**(व्यवधान)**... उसमें इस प्रकार का प्रावधान है। ...**(व्यवधान)**... मैं विरोधी पक्ष से निवेदन करना चाहता हूँ कि हाउस को चलने दें और राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा चालू रखें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मेरा आग्रह होगा कि आप कृपया अपनी सीट्स पर जाएँ। ...**(व्यवधान)**... Shri Bhupender Yadav to move the Motion of Thanks on the President's Address. ...*(Interruptions)*...

**श्री भूपेन्द्र यादव** (राजस्थान): माननीय उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहूँगा कि मैं प्रस्ताव रखूँ, इससे पहले अपोजिशन के लीडर से यह पूछ लीजिए कि वे हाउस चलाना चाहते हैं या नही चलाना चाहते हैं ? ...**(व्यवधान)**... मैं यह चाहता हूँ कि हाउस राष्ट्रपति जी के ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मेरा आग्रह होगा कि आप कृपया अपनी-अपनी जगह पर जायें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव**: राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की मर्यादा है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: जिस चीज़ के लिए आप नारे लगा रहे हैं, उद्वेलित हैं, उसी पर बहस का मौका है। ...**(व्यवधान)**... आपको इसी विषय पर बोलने का मौका मिल रहा है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव**: मैं यह कह रहा हूँ कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की मर्यादा है। ...**(व्यवधान)**... यह डेमोक्रेसी की मर्यादा है, यह लोकतंत्र की मर्यादा है। ...**(व्यवधान)**... कम से कम अपोजिशन के लोग बतायें कि वे संसद को चलाना चाहते हैं या नही चलाना चाहते हैं। ...**(व्यवधान)**... आप एक बार अपोजिशन के लीडर से पूछिए। ...**(व्यवधान)**... वरना हाउस में disorder है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मैं बार-बार आप सबसे निवेदन कर रहा हूँ कि कृपया अपनी सीट्स पर जायें और President's Address पर चर्चा होने दें। ...**(व्यवधान)**... आप जिस चीज़ को लेकर agitated हैं, सुबह से जो सवाल उठा रहे हैं, उस पर ही बोलने का मौका है। ...**(व्यवधान)**... कृपया वेल में नारे लगाने के बजाय अपनी-अपनी जगहों पर जाएं और बैठें तथा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा चलने दें। ...**(व्यवधान)**... राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा चलने दें। ...**(व्यवधान)**... कोई और बात रिकॉर्ड पर नही जाएगी।

**श्री देरेक ओब्राईन**: *

**श्री उपसभापति**: उन्हें मोशन मूव करना है। मैं आप सबसे निवेदन करूंगा कि आप बैठें और चर्चा चलने दें ...**(व्यवधान)**... देरेक जी, अगर आप इसी विषय पर बोलना चाहते हैं तो आपका मौका आएगा, आप जरूर बोलिएगा। इसी विषय पर बोलना चाहते हैं, आपका मौका आएगा, तब आप बोलिएगा।

**श्री भूपेन्द्र यादव**: सर, एलओपी को सुन लीजिए, एलओपी इसे चलाना चाहते हैं या नही चलाना चाहते हैं। आप सदन में एक बार कन्सेन्सस तो बनवाइए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति**: मेरा आग्रह है कि आप अपनी-अपनी जगहों पर बैठें, आप जिस विषय को लेकर सुबह से उद्वेलित हैं, एजिटेटेड हैं, उस पर ही बहस करने का मौका है। वेल

---

*Not recorded.

में नारे लगाने के बजाय अपनी सीटों पर जाएं और जिस मुद्दे को लेकर आप एजिटेटेड हैं, उस पर अपनी बात रखें। ...**(व्यवधान)**... भूपेन्द्र जी, आप इस बहस को आगे बढ़ाएं।

**श्री भूपेन्द्र यादव:** सर, एक बार हाउस को आर्डर में ले आइए।

**श्री उपसभापति:** मेरा निवेदन है कि आप सब कृपया अपनी-अपनी जगहों पर जाएं और सदन को चलने दें। आप जिस विषय पर चर्चा चाहते हैं, उसी पर अभी चर्चा हो रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में आप इन्ही बातों पर अपनी बात रखें ...**(व्यवधान)**... मैं पुन: सदन से निवेदन करना चाहूंगा कि आज सुबह से जिस मुद्दे को लेकर आप सबके बीच इसकी चर्चा की जरूरत महसूस की जा रही थी, हम लोग उसी पर चर्चा कर रहे हैं। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में भी सीएए और इससे जुड़े विषयों पर चर्चा है, आपको इसी पर बोलने का मौका मिल रहा है। क्या आप इन विषयों पर बोलना नही चाहते हैं, जिन पर आप सुबह से सदन में रूल 267 में नोटिस दे रहे थे? कृपया इस पर चर्चा करें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भूपेन्द्र यादव:** सर, मैं आपके माध्यम से एक चीज कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर कभी भी इस तरीके से डिस्टर्ब नही किया जाता। मेरा आपके माध्यम से अपोज़िशन के लोगों से ये कहना है कि यह एनआरसी पर चर्चा करना चाहते हैं, ये सीएए पर चर्चा करना चाहते हैं, करें। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी, ये उसके मुद्दे हैं, लेकिन कम से कम मुझे बोलने की इजाज़त दें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति:** राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मोशन ऑफ थैंक्स श्री भूपेन्द्र यादव को मूव करना है। कृपया आप माननीय भूपेन्द्र यादव जी को बोलने का मौका दें। ...**(व्यवधान)**... The House stands adjourned till 1.00 a.m. on Tuesday, the 4th February, 2020.

*The House then adjourned at nine minutes past three of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 4th February, 2020.*